
### एक नजर में

## प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने जीवन भर नशा न करने की ली शपथ



**महू.** भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा की अध्यक्षता एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एडवोकेट श्री निलेश पाटीदार के मार्गदर्शन में 'नशा मुक्त भारत: विकसित भारत की पहचान' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया. अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा ने कहा कि नशा मुक्ति से ही विकसित भारत का निर्माण संभव है. उन्होंने विद्यार्थियों को नशे और मादक पदार्थों के गंभीर दुष्प्रभावों की जानकारी दी और हर प्रकार के व्यसन से दूर रहने का आह्वान किया. जनभागीदारी अध्यक्ष एडवोकेट निलेश पाटीदार ने कहा कि देश की प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए नशा मुक्त भारत अभियान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है. व्याख्यान के दौरान डॉ. एसजी स्वामी ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए विस्तार से समझाया कि नशा किस तरह इंसान को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से बर्बाद कर देता है. वहीं डॉ. मनोज वानखेड़े ने नशे के कारण परिवारों में टूटन और उत्पन्न होने वाली व्यावहारिक समस्याओं पर प्रकाश डाला. इसके बाद उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं को जीवनभर नशा न करने की शपथ दिलाई.

## स्टेट हाईवे पर मौत के साए में सफर को मजबूर वाहन चालक



**महू/सिमरोल.** हादसों के लिए कुख्यात इंदौर-खंडवा स्टेट हाईवे पर एक बार फिर इंसानी जान से खिलवाड़ किया जा रहा है. सिमरोल के पास निर्माण कार्य कर रही मेघा इंजीनियरिंग कंपनी ने सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर सड़क की पटरी पर ही बड़े-बड़े बोल्डर का ढेर लगा दिया है. हालात ये हैं कि दोपहिया वाहन चालक हर पल मौत के साए में सफर करने को मजबूर हैं. हाईवे पर भारी ट्रकों की लंबी कतार के ठीक बगल में सड़क की सफेद पट्टी से सटाकर बड़े पत्थर रख दिए गए हैं. जगह इतनी कम बची है कि यदि कोई बाइक सवार जरा सा भी असंतुलित हुआ या किसी बड़े वाहन ने साइड दबाई, तो सीधे इन पत्थरों से टकराना तय है. मौके पर न तो कोई बैरिकेडिंग की गई है और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है. निर्माण कंपनी ने खुलेआम हादसों को न्योता दे रखा है. स्थानीय रहवासियों का कहना है कि यह रोड पहले से ही ओवरलोड वाहनों और तेज रफ्तार के कारण % डेंजर जोन% बना हुआ है. अब बारिश के मौसम में यहां खतरा कई गुना बढ़ जाएगा, क्योंकि फिसलन से बाइक के अनियंत्रित होने की आशंका सबसे ज्यादा होती है. वहीं सड़क की चौड़ाई कम होने से दिनभर जाम के हालात बने रहते हैं, जिसमें एंबुलेंस और स्कूली वाहन तक फंस रहे हैं.

## खड़े आयशर ट्रक से तेल के 23 डिब्बे चोरी

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र में खड़े आयशर ट्रक से खाद्य तेल के डिब्बे चोरी होने का मामला सामने आया है. अज्ञात बदमाश तिरपाल और रस्सा काटकर करीब 60 हजार रुपए का माल ले उड़े. पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. दमोह जिले के नोहटा में रहने वाले नारायण राजपूत ने शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि उनकी आयशर गाड़ी मांगलिया रोड स्थित पतंजलि फूड्स लिमिटेड के सामने खड़ी थी. 21 जून की दोपहर करीब 3.15 बजे जब वे उठकर वाहन चेक करने पहुंचे तो देखा कि पीछे की तिरपाल और उसमें बंधा रस्सा कटा हुआ था, जांच करने पर वाहन में रखे तेल के 23 डिब्बे गायब मिले. फरियादी ने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला. थाना प्रभारी संतोष दूधी ने बताया कि अज्ञात बदमाशों के खिलाफ बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

## कार वॉश सेंटर से कारोबारी की कार से सोने के गहने चोरी



**इंदौर.** हीरानगर थाना क्षेत्र में कार वॉश कराने के दौरान कारोबारी की कार से सोने के आभूषण चोरी करने का मामला सामने आया है. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कार धोने वाले कर्मचारी और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि चोरी की चेन खरीदने वाले तीसरे आरोपी की तलाश जारी है. आरोपियों से दो लाख रुपए नकद भी बरामद किए हैं. पुलिस के अनुसार, सुखलिया में रहने वाले फर्नीचर व्यवसायी योगेश कुमार तोमर ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने मंगलवार 16 जून को अपनी कार एमपी 09 डब्ल्यूएफ 0965 कबीटखेड़ी मेन रोड स्थित हरिओम सर्विस सेंटर पर धुलाई के लिए दी थी. कार में सोने की चेन और सोने की अंगूठी रखी हुई थी, जिन्हें वे यूको बैंक, सुखलिया में जमा कराने वाले थे. कार वॉश के बाद जब फरियादी बैंक पहुंचे और कार से सामान निकालने लगे, तब गहने गायब मिले. इसके बाद उन्होंने हीरानगर थाने में शिकायत दर्ज कराई.

**घटना के बाद से ही काम पर नहीं आ रहा था कर्मचारी**-मामले में एसीपी रुबिना मिजवानी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कार धोने वाला कर्मचारी अमित घटना के बाद से काम पर नहीं आ रहा है. पुलिस जब उसके घर पहुंची तो परिजनों ने उसके पास सोने की अंगूठी होने की जानकारी दी.

# महेश जयंती श्रद्धा, संस्कृति और सेवा भाव के साथ मनाई

- कार्यक्रमों के माध्यम से दिया पेट्रोल बचाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश



**देवास।** माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा आयोजित सात दिवसीय महेश जयंती महोत्सव 17 से 23 जून तक अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भगवान महेश के पूजन के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष कैलाश डागा एवं जिला सचिव प्रकाश मंत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में माहेश्वरी महिला संगठन की अध्यक्ष अनीता मंत्री के कुशल नेतृत्व एवं सतत मार्गदर्शन का विशेष योगदान रहा। साथ ही निवर्तमान अध्यक्ष चेतना माहेश्वरी के अनुभव, सहयोग एवं मार्गदर्शन ने आयोजन को नई ऊर्जा प्रदान की। 17 जून से 23 जून तक चले इस महोत्सव में माहेश्वरी महिला संगठन, युवा संगठन एवं सखी संगठन द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, मॉक्टेल प्रतियोगिता, हाई प्रोटीन सलाद प्रतियोगिता, महिलाओं एवं बच्चों के मनोरंजक खेल, खडी गेरु मांडना प्रतियोगिता, अंताक्षरी प्रतियोगिता तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया। संदेश रैली द्वारा पेट्रोल बचाओ पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया गया। युवा संगठन द्वारा फन फेयर का आयोजन किया गया तथा दादा-दादी, माता-पिता एवं पोता-पोती को जोड़ने वाली तीन पीढ़ियों की विशेष प्रतियोगिता ने सभी का मन मोह लिया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्णिमा कलेक्टर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कैलाश डागा, देवास माहेश्वरी समाज अध्यक्ष दिनेश भूतड़ा, रंजना परवाल, नितिन चांडक एवं अभिषेक लाठी मंचासीन रहे। इस अवसर पर माहेश्वरी महिला संगठन अध्यक्ष अनीता मंत्री ने मेडिकल सर्जिकल बैंक की घोषणा की। आगे विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।



## सोनकच्छ में एक घंटे तक झमाझम नालियों का कचरा आया सड़कों पर

**सोनकच्छ।** नगर व आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को जमकर बारिश हुई। नगर में दोपहर सवा एक बजे तेज गरज चमक के साथ एक घंटा तेज बारिश हुई। बारिश के कारण एक घंटे बिजली सप्लाय भी बाधित रहा। अचानक हुई तेज बारिश ने आमजन को गर्मी से राहत दिलाई। उधर नगर के कई वार्ड में नालियां ओवरफ्लो हो गई। जिसके कारण नालियों के अंदर जमा कचरा सड़कों पर आ गया। जिसके कारण आमजन पैदल चलने में समस्या का सामना करना पड़ा। बता दें कि, गुरुवार को हुई बारिश मानसून सत्र सबसे ज्यादा व तेजी से गिरने वाली बारिश थी।

## 2 किमी क्रॉस कंट्री दौड़ और लंबी कूदगोला, फेंक की स्पर्धा 28 को

**देवास।** जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मदनलाल कहार ने बताया कि पर्यावरण हेल्थ जागरूकता के अंतर्गत जूनियर बालक-बालिका एवं सीनियर खिलाड़ियों के लिए 2 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन 28 जून प्रात: 7.30 बजे आयोजित किया जाएगा।

गोला फेक एवं लंबी कूद प्रात: 8 बजे कुश भाव ठाकरे स्टेडियम खेल मैदान पर आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी अपनी एंट्री 27 जून तक अनिवार्य रूप से करवा ले। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इस खेल का आयोजन खेल और युवक कल्याण विभाग एवं प्रगति एथलेटिक क्लब सनी अकैडमी के सहयोग से आयोजित किया गया है। भाग लेने वाले खिलाड़ी राजू श्रीवास्तव, रागिनी चौहान, निरंजन यादव, धर्मेंद्र भदोरिया, सोनू विश्वकर्मा, रितेश बैरागी आदि से संपर्क कर सकते हैं।

## जिझौतिया ब्राह्मण समाज की बैठक

- समाज के दो बड़े सामाजिक आयोजन प्रस्तावित

**देवास।** श्री जिझौतिया ब्राह्मण समाज समिति, देवास महाल द्वारा वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए सामाजिक आयोजनों की श्रृंखला के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तावित किए गए हैं।

समाज अध्यक्ष राधेश्याम पटेल एवं मीडिया प्रभारी गजेन्द्र तिवारी ने बताया कि पहला आयोजन सामूहिक कजली तीज उद्यापन का होगा, जो 31 अगस्त 2026 को आयोजित किया जाएगा। वहीं दूसरा महत्वपूर्ण आयोजन सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा, जिसका आयोजन वर्ष 2027 में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर प्रस्तावित है। समाज की परंपरा के अनुसार प्रत्येक सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन नई अध्यक्षता के साथ किया जाता है।

इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन क्रियान्वयन समिति 2027 की अध्यक्षता के लिए संजय पांडे (पटेल), ब्राह्मणखेड़ी का नाम प्रस्तावित किया गया जिसे संजय पांडे द्वारा सहर्ष स्वीकार किया गया है। समाजजनों ने उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

आगामी सभी योजनाएं, व्यवस्थाएं एवं आवश्यक निर्णय समय-समय पर समिति द्वारा लिए जाएंगे तथा समाजजनों को उनकी जानकारी निरंतर उपलब्ध कराई जाएगी। सामूहिक आयोजन समाज के सभी वर्गों के सहयोग और सहभागिता से ही सफल होते हैं तथा आने वाले दोनों आयोजन समाज की एकता, संगठन और सामाजिक समरसता को और अधिक मजबूत करेंगे।

## बाणगंगा थाना क्षेत्र में इन दिनों हो रही अजीबोगरीब चोरियां

इंदौर. बाणगंगा थाना क्षेत्र इन दिनों अजीबोगरीब चोरियों को लेकर चर्चा में है. एक दिन पहले जहां अज्ञात बदमाश बस चुरा ले गए, वहीं अब कार से आए चोर पालतू सुअर उठाकर ले गए. दोनों घटनाओं ने पुलिस के साथ आम लोगों को भी हैरान कर दिया है. ताजा मामला बादल का भट्टा क्षेत्र का है. यहां रहने वाले राजकुमार संकत ने शिकायत दर्ज कराई कि सुबह जब वे अपने सुअरों को देखने पहुंचे तो दो सुअर गायब थे. आसपास तलाश के बाद जब सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ.

## दिन के समय संचालित हो रही स्लीपर बसों की शिकायत

- पुलिस अधीक्षक से की कार्रवाई मांग
- इंदौर व देवास कोतवाली थाने पर माँ शारदा बस राहुल सोनकर बस मालिक के खिलाफ दर्ज कि गई दो एफआईआर

**देवास।** चौहान ट्रेवल्स के धर्मेन्द्रसिंह चौहान ने शहर के भीतर निर्धारित नियमों और प्रशासनिक निर्णयों के विपरीत संचालित हो रही स्लीपर बसों को लेकर पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायत में बताया गया है कि बस क्रमांक एमपी 09 एफए 5985 एवं एमपी 41पी 1137 दिन के समय देवास शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित होकर यात्रियों को बैठाने एवं उतारने का कार्य कर रही हैं। जबकि पूर्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि स्लीपर बसों का संचालन शहर सीमा के बाहर निर्धारित स्थानों से तथा रात्रिकालीन समय में ही किया जाएगा।

चौहान का कहना है कि उक्त निर्णय के बावजूद संबंधित बसों द्वारा शहर के भीतर संचालन जारी रखा गया है, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है तथा प्रशासनिक निर्देशों की अवहेलना हो रही है।

एसपी से मांग की गई है कि संबंधित बसों के परमिट, समय-सारणी एवं संचालन व्यवस्था की जांच कराई जाए तथा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर बस संचालकों के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए। एसपी कार्यालय में लिए निर्णय का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

## अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला और एक युवक की मौत

इंदौर. शहर में दो अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक महिला और एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. इसमें सबसे दर्दनाक घटना बाणगंगा क्षेत्र में हुई, जहां पैदल जा रही एक महिला को आइशर वाहन ने कुचल दिया. दूसरे हादसे में स्कूटी सवार दो लोगों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी. इसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया.

## गमी कार्यक्रम में गया था परिवार घर में हो गई लाखों की चोरी

**महू.** कदवाली गांव में बुधवार को चोरों ने सूने घर के दिनदहाड़े ताले तोड़कर करीब 40 हजार रुपये नकद और लाखों के सोने-चांदी के जेवर पर हाथ साफ कर दिया. वारदात के समय पीड़ित परिवार एक गमी कार्यक्रम में शामिल होने गया था. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. घटना बुधवार सुबह करीब 10 बजे की है. कदवाली निवासी धनसिंह फुलवारे का परिवार पास के ही गांव में एक गमी कार्यक्रम में शामिल होने गया था. घर सूना पाकर बदमाशों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घुसे चोर अलमारियों से नकदी व जेवरात समेटकर रफूचक्कर हो गए. दोपहर में जब परिवार के सदस्य वापस लौटे तो चोरी का पता चला.





## विशाल भंडारे के साथ चंडी महायज्ञ की पूर्णाहूति आज

**देवास।** 20 जून से प्रारंभ हुए माँ चामुण्डा प्रकटोत्सव का समापन महायज्ञ की पूर्णाहूति एवं विशाल भंडारे के साथ होगा। प्रतिदिन मां के दरबार में 10 जोड़ों द्वारा आहूतियां प्रदान की जा रही है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष अशोकनाथ पुजारी ने बताया कि आज 26 जून को पं. सुभाष रावल ग्राम कवड़ी वाले के आचार्यत्व में अभिजीत मुहूर्त में चंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी पूर्णाहूति में विधायक गायत्री राजे पवार विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। इस अवसर पर परिक्रमा मार्ग पर कलश यात्रा निकाली जाएगी एवं नाथ सम्प्रदाय के पुजारी परिवार एवं भक्त मंडल व जन सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## घर का ताला तोड़कर 90 हजार के सोने चांदी के जेवर चुराए

इंदौर. सिमरोल थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए. चोरी गया माल करीब 90 हजार रुपए का बताया जा रहा है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. ग्राम सिमरोल निवासी 60 वर्षीय सुभाष कुमरावत ने शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि देर रात अज्ञात बदमाश उनके घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे. आरोपियों ने बेडरूम में रखे दिवान के नीचे से पुराने इस्तेमाल के सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिए. सुबह घटना का पता चलने पर फरियादी ने पुलिस को सूचना दी. मामले में सिमरोल पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है.

# स्वाति नक्षत्र में सही जगह पर दान करने से पुण्य लाभ मिलता है : वैष्णव

**बागली।** गुरुवार 25 जून को निर्जला एकादशी तिथि पर अधिकतर धार्मिक श्रद्धालुओं ने एकादशी व्रत किया इसे भीम सैनी एकादशी भी कहते हैं। गुरुवार को शाम 4:29 तक स्वाति नक्षत्र होने से इस समय काल में किया गया दान धर्म बेहद पुण्यदाई रहा है। उक्त बातें यज्ञाचार्य एवं कथावाचक पंडित नरेंद्र वैष्णव ने बागली भोमिया जी मंदिर परिसर में अल्प प्रवास के दौरान बताई।

साथ ही बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार स्वाती नक्षत्र महीने में एक बार आता है 27 नक्षत्र में यह 15 वा नक्षत्र है। इसे बहुत शुभ और मंगलकारी माना जाता है ।वैदिक ज्योतिष के अनुसार इसके स्वामी राहु ग्रह और इसके देवता वायु है स्वाति नक्षत्र की मुख्य बातें इस दौरान नए काम की शुरुआत या यात्रा प्रवास शुभ माना जाता है। दूसरी ओर हिंदू पौराणिक कथाओं में मान्यता है कि पानी की एक बूंद इस नक्षत्र में जैसी संगति में गिरती है वैसा रूप धारण कर लेती है जैसे सीप में गिरी बूंद मोती बंन जाती है। केल पत्ते पर स्वाति नक्षत्र की बूंद कपूर का रूप धारण कर लेती है। विषैला सर्प के मुंह में गिरकर यह जहर बन जाती है। संत रहीम के दोहे में स्वाति नक्षत्र की बूंद का विस्तार पूर्वक विवरण है ।कहने का तात्पर्य यह है कि जो जैसी संगत में रहता है वैसा कार्य वैसा स्वभाव उसका हो जाता है। इस नक्षत्र के दौरान बारिश होना शुभ माना गया है और बारिश के छींटें आप पर लगाते हैं तो आप भी पवित्र हो जाते हैं। चातक (या पपीहा) पक्षी की कहानी अटूट धैर्य, स्वाभिमान और समर्पण की प्रतीक है। भारतीय लोक कथाओं और पुराणों के अनुसार, यह पक्षी कभी भी जमीन पर बहता हुआ या तालाब का पानी नहीं पीता। यह केवल आसमान से गिरती हुई स्वाति नक्षत्र की बारिश की बूंदों से ही अपनी प्यास बुझाता है। और ऐसा माना जाता है कि इसके अनूठे संकल्प के कारण ही स्वाति नक्षत्र में पानी आता है।



# सोनकच्छ में कत्ल की रात मनाई , बड़े साहब के मुंह फेरने की रस्म अदा हुई, जेवरात भी पहनाएं

**सोनकच्छ।** नगर में मोहर्रम पर्व की नौ तारीख को कत्ल की रात मनाई गई। गुरुवार शाम को साढ़े छह बजे बड़े साहब को चांदी की काठी, सेहरा, लगाम, छत्र आदि परंपरानुसार फौजदार परिवार द्वारा चढ़ाए गए। चेहरे दिखाई की रस्म अदा की गई। फातिहा पढ़कर अमन-चैन की दुआ मांगी। मुहं फेरकर जायरीनों ने दर्शन शुरु किए। इससे पूर्व बड़े साहब की सवारी को सुबह एहले इस्लाम पंचायत की स्वामित्व वाली दुकान से कंधे पर लाकर उन्हें चमन बाजार स्थित हुसैनी चौक में बने मंच पर लाया गया। इधर बड़े साहब के यहां मान-मन्नतों व बच्चों को तोलने का सिलसिला देर रात्रि तक चला। गुरुवार शुक्रवार की मध्यरात्रि रात्रि दो बजे तकिया स्थित इमामबाड़े से बड़े साहब को उठाने वाले दौड़ते हुए हुसैनी चौक पर पहुंचे। जहां फातिहा पढ़कर बडे साहब, छोटे साहब व बुर्राक को कांधे पर रखकर जुलूस निकाला गया। जुलूस कालीसिंध मार्ग होते हुए कालीसिंध नदी स्थित अलावे पहुंचा। जहां पर सवारियों को परंपरानुसार चक्कर लगाए गए। पुन: सवारियों को उनके निर्धारित स्थानों पर रखा गया। इस अवसर पर जगह-जगह छबील पिलाई गई। उधर आज शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद बड़े साहब व अन्य सवारियों का जुलूस निकाला जाएगा।



**एक नजर** 25 जून 1975 को तात्कालिक प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सिफारिश पर राष्ट्रपति फखरूद्दीन अली अहमद ने आपात काल लागू किया था

# मीसाबंदी का दंश सहने वाले सेनानियों के परिवार में कोई भी सदस्य शासकीय नौकरी में नहीं

**बागली।** 25 जून 1975 को तात्कालिक प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सिफारिश पर राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने 21 मार्च 1977 तक आपातकाल क़ानून लागू कर दिया कारण सिर्फ इतना था इलाहाबाद न्यायालय द्वारा इंदिरा गांधी के चुनाव को रद्द कर दिया था। इन 21 महीनो में बर्बरता का यह अलम यह था। कि विरोधियों को बेवजह जेल में बंद किया गया कई लोकतंत्र सेनानी तो ऐसे भी रहे जो पूरे 21 महीने तक बेवजह जेलो में बंद रहे जिसके चलते उनके परिवार और उनके बच्चे शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य पारिवारिक सामाजिक गतिविधियों से भी दूर हो गए उस वक्त मोबाइल एवं फोन का जमाना नहीं था इसलिए अपने लोगों से मिलने के लिए सिर्फ चिट्ठियों का सहारा ही रहता था। बागली क्षेत्र से भी कई लोकतंत्र सेनानी इस काले कानून का शिकार बन गए स्वर्गीय शंकर लाल जी दधीचि जो हाट बाजार व्यापार व्यवसाय कर घर परिवार चलते मुखिया के जेल चले जाने पर उनके घर की हालत क्या हुई होगी इसका अंदाजा नहीं लगा सकते अन्य लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय कांतिलाल चौधरी स्वर्गीय मोहनलाल सिसोदिया स्वर्गीय सुंदरलाल जी राठौड़ स्वर्गीय श्याम कांत जी धोलप सभी के परिवारों में ऐसी ही दास्ता रही उनके बच्चे उचित मार्गदर्शन ग्रहण नहीं कर पाए आज भी लगभग सभी परिवारों में उनकी दूसरी पीढ़ी के परिजन शासकीय नोकरीयो में नहीं है। आगे चलकर इन परिजनों नेअपनी मेहनत से कुछ न कुछ काम धंधा करते हुए अपना गुजर बसर करते हैं। मीसाबंदी परिजन देवकरण राठौर ने बताया कि वह वक्त एसा कठिन दौर था ।कि उसको याद करके रूह कांप जाती है ।कई लोग महिनो तक अपने परिजनों से नहीं मिल पाए और कुछ लोग जेल की यात्रा सहते हुए वहीं दम तोड गये जेल से लिखे गए उनके बड़े भाई के पत्र आज भी उन्होंने सहेज कर रखे हैं। अन्य परिजन संजय चौधरी पुरुषोत्तम सिसोदिया लोकेश राठौर संतोष दाधीच आदि ने बताया कि उस दौर में क्षेत्र में आई एक ही चिट्ठी में सभी का हाल-चाल लिखा होता था। जिसका पता लगते ही बेचैनी बढ़ जाती थी। अलग-अलग जेल में बंद लोकतंत्र सेनानी परिवार में हिम्मत बनी रहे इसलिए हमेशा कुशल समाचार ही लिखते थे जबकि वास्तविक स्थिति में उन्हें बहुत सारी परेशानियां आती रही होगी। उसे घटना को 51 वर्ष बीत गए हैं। आज हमारे बीच क्षेत्र का कोई भी लोकतंत्र सेनानी नहीं बचा लेकिन उनका प्रयास और उनकी देशभक्ति हर पल याद रहेगी।

